PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Lagaan
Year: 2001

Song: Kaale Megha Kaale Megha
Lyricist: Javed Akhtar

धनन धनन घिर घिर आये बदरा
घने घन घोर कारे छाये बदरा
धमक धमक गूंजे बदरा के डंके
चमक चमक देखो बिजुरिया चमके
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन मन धड़काए बदरवा

काले मेघा काले मेघा
पानी तो बरसाओ
काले मेघा काले मेघा
पानी तो बरसाओ
बिजुरी की तलवार नहीं
बूंदों के बान चलाओ
मेघा छाये बरखा लाए
घिर घिर आए
घिरके आए
कहे ये मन मचल मचल
ना यूँ चल सँभल सँभल
गए दिन बदल
तू घर से निकल
बरसने वाला है अब अमृत जल
दुविधा के दिन बीत गए
भैय्या मल्हार सुनाओ
धनन धनन घिर घिर आये बदरा
घने घन घोर कारे छाये बदरा
धमक धमक गूंजे बदरा के डंके
चमक चमक देखो बिजुरिया चमके
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन मन धड़काए बदरवा

रस अगर बरसेगा
कौन फिर तरसेगा
कोयलिया गाएगी बैठी मुंडेरो पर
जो पंछी गाएँगे नए दिन आएँगे
उजाले मुस्कुरा देंगे अँधेरों पर
प्रेम की बरखा में भीगे भीगे तन मन
धरती पे देखेंगे पानी का दर्पन
जैयो तुम जहाँ जहाँ
देखियो वहाँ वहाँ
यही एक समा की धरती यहाँ
है पहने सात रंगों की चूनरिया
धनन धनन घिर घिर आये बदरा
घने घन घोर कारे छाये बदरा
धमक धमक गूंजे बदरा के डंके
चमक चमक देखो बिजुरिया चमके
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन धड़काए बदरवा
मन मन धड़काए बदरवा

पेड़ों पर झूलें डालों
और ऊँची पेंग बढ़ाओ
काले मेघा काले मेघा
पानी तो बरसाओ

Literacy for a Billion

काले मेघा काले मेघा
पानी तो बरसाओ
बिजुरी की तलवार नहीं
बूंदों के बान चलाओ
आई है रूत मतवाली बिछाने हरियाली
ये अपने संग में लायी है सावन को
ये बिजुरी की पायल
ये बादल का आँचल
सजाने लायी है धरती की दुल्हन को
डाली डाली पहनेंगे फूलों के कंगन
सुख अब बरसेगा आँगन आँगन
खिलेगी अब कली कली
हँसेंगी अब गली गली
हवा जो चली तो रूत लगी भली
जला दे जो तन मन ओ धूप ढली
घनन घनन घनन घनन
काले मेघा काले मेघा
पानी तो बरसाओ
पानी तो बरसाओ
बिजुरी की तलवार नहीं
बूंदों के बान चलाओ
बूंदों के बान चलाओ
धनन धनन घिर घिर आये बदरा
घने घन घोर कारे छाये बदरा
धमक धमक गूंजे बदरा के डंके
चमक चमक देखो
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन
घनन घनन घन

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.